# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- ग्राम पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं को पूरा करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।
- अनिल कुमार तिवारी द्वीपसमूह के नए प्रदेश अध्यक्ष चुने गए।
- जीएसटी लागू होने की 8वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने भाग लिया।
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए राह–वीर योजना को अधिसूचित किया है।

<><><><><><><>

वित्तीय सेवा विभाग ने कल ग्राम पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। देश भर में 33 स्थानों पर लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान इस साल सितंबर तक चलेगा, जिसमें देश की सभी 2 लाख 70 हजार ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाएगा। इस अभियान के दौरान बचत बैंक खाताधारकों की पुनः केवाईसी, प्रधानमंत्री जन–धन योजना के तहत बैंक खाते खोलना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना के तहत नामांकन जैसी गतिविधियाँ शामिल की जाएंगी।

<><><><><><><>

भाजपा के स्थानीय नेता अनिल कुमार तिवारी प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुने गए हैं। पार्टी की ओर से कल आयोजित संगठन पर्व कार्यक्रम में पांडिचेरी के पूर्व राज्यपाल और भाजपा की नेता डॉ. तमिलिसाई सौंदर्य राजन, द्वीपों के प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी, सांसद बिष्णु पद रे, संगठन पर्व के राज्य निदर्शन अधिकारी एम विनोद सहित पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। उपस्थिति को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज प्रणाली में प्रमुख हितधारकों की क्षमता को बढ़ाना और डेटा–संचालित, जवाबदेह स्थानीय शासन को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग की सहायक निदेशक के. ए. प्रमिला ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में पंचायत प्रदर्शन को बढ़ाने में डेटा–संचालित मूल्यांकन के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए जमीनी स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और साक्ष्य–आधारित योजना को बढ़ावा देने में पीएआई ढांचे की भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, पंचायत सचिव, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान टीम के सदस्य और कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

जीएसटी लागू होने की 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर कल कोलकाता में आयोजित समारोह में द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीजीएसटी कोलकाता क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया गया, जिसमें पश्चिम बंगाल, सिक्किम और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने अधिकारियों और करदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने कहा कि जीएसटी ने कर के रूप में अपनी भूमिका को उत्कृष्ट बनाया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सरदार वल्लभभाई पटेल के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने, एकीकृत, समृद्ध भारत को बढ़ावा देने और विकसित भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में एक मील का पत्थर है।

<><><><><><><>

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राह–वीर योजना को अधिसूचित किया है। मंत्रालय ने योजना के तहत नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र के माध्यम से वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। इस योजना के तहत, राह–वीर –गुड सेमेरिटन को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसने तत्काल सहायता प्रदान करके दुर्घटना पीड़ित को समय के भीतर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सा उपचार प्रदान कर जान बचाई हो। प्रत्येक

राह–वीर के लिए पीड़ितों की मदद करने के लिए 25,000 रुपये नकद पुरस्कार के साथ "प्रशंसा प्रमाणपत्र" दिया जाएगा। इसके अलावा सबसे योग्य राह–वीर को 10 राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। भारतीय संविधान की धारा 134ए के तहत प्रावधान में किसी भी राह–वीर को उनकी सहमति के बिना किसी भी कानूनी कार्यवाही के अधीन नहीं किया जाएगा। नियमों के तहत राह–वीर को प्रदान की गई सुरक्षा के किसी भी उल्लंघन के मामले में, वह जिला उपाध्यक्ष और जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में यूटी की शिकायत निवारण समिति से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी परिवहन विभाग या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों में शिक्षा मंत्रालय की पहल विद्यांजलि पोर्टल को एक बार फिर सक्रिय किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से समुदाय और शैक्षिक योगदानकर्ताओं को सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में अपनी सेवाएं या सामग्री देने का अवसर मिलता है। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं विद्यांजलि पोर्टल पर पंजीकरण करके इस पहल का हिस्सा बन सकते हैं। अप्रैल से जून दो हजार पच्चीस के लिए थीम चयन और सी एस आर परियोजनाओं की तैयारी अब शुरू हो चुकी है। विद्यांजलि के नोडल अधिकारी से कहा गया है कि वे सभी स्कूलों, विशेष रूप से जिलों और ब्लॉकों में स्थित स्कूलों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 के लिए विभिन्न डिग्री पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जुलाई, कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार 7 जुलाई तक कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे के मिनी स्टेडियम में कल होमगार्ड स्वयंसेवकों की शारीरिक परीक्षा सम्पन्न हुई। निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आयोजित परीक्षा में दो सौ उनतालीस उम्मीदवारों का चयन किया गया।

<><><><><><>

## **समाचार पत्रों की सुर्खियां**

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी के कोलकाता में जी एस टी लागू होने की 8वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने भी इस खबर को प्रमुखता से छापा है। अखबार ने प्रधानमंत्री जनमत के तहत डूगांग क्रीक में ओंगी जनजाति के वन धन विकास केन्द्र का शुभारंभ करने के समाचार को भी अपने पहले पन्ने में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने एस बी आई मोहनपुरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के समाचार को पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। **द इको ऑफ इंडिया** ने सर्किट बेंच की बैठक आयोजित होने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

**<><><><><><><>**